**05/07**/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री मोदी इस महीने की 6 और 7 तारीख को ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, जिसके बाद वे ब्रासीलिया की द्विपक्षीय यात्रा करेंगे - जो लगभग छह दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा होगी। अपनी यात्रा के दौरान, श्री मोदी शिखर सम्मेलन के दौरान ब्राजील के राष्ट्रपति **लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा** के साथ-साथ कई अन्य वैश्विक नेताओं से बातचीत करेंगे।

0000000000000000000000

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत की नीतियाँ रणनीतिक रूप से इस तरह से बनाई गई हैं कि वे देश को 2047 तक चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था से 32 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में बदल सकें। श्री गोयल आज बेंगलुरु में आयोजित आईआईटी मद्रास के 'संगम 2025' वैश्विक नवाचार एवं पूर्व छात्र सम्मेलन में बोल रहे थे।

0000000000000000000000

राज्य के विभिन्न जिलों में आज द्री उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने इस अवसर पर नागरिकों विशेष कर आपातानी समुदाय को शुभकामनाएं दीं है।

अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि द्री महोत्सव आपातानी समुदाय के प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव, उनकी कृषि जीवन शैली और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं की एक सुंदर अभिव्यक्ति है। यह आदिवासी विरासत की ताकत और बहुजातीय समाज को बांधने वाली एकता को दर्शाता है। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू, मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने भी राज्य वासियों को द्री की शुभकामनाएं दी हैं।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज नामसाई जिले के **नोंगताव खाम-2** में एक बुद्ध विहार का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने एक बोधि वृक्ष भी लगाया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि, यह विहार आध्यात्मिक केंद्र और सांस्कृतिक पहचान के जीवंत प्रतीक के रूप में काम करेगा।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश राज्य सहकारी संघ (एपीएससीयू) के अध्यक्ष नाबाम ताही नेकिल ने आज राजभवन ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक से मुलाकात की। उन्होंने वर्तमान परिदृश्य, सहकारी समितियों के सामने चुनौतियों और राज्य में सहकारी आंदोलन के भविष्य के पाठ्यक्रम पर चर्चा की।

राज्यपाल ने सहकारी समितियों को व्यापक बाजारों, विशेष रूप से राज्य के बाहर, तक पहुंच बनाने में सक्षम बनाने के महत्व पर जोर दिया, ताकि राज्य के अधिशेष कृषि और बागवानी उत्पादों के लिए बेहतर मूल्य सुनिश्चित किया जा सके। स्थानीय उपज, विशेष रूप से जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं की क्षमता को पहचानते हुए, उन्होंने किसानों और उत्पादकों के लिए व्यापार और आय को बढ़ावा देने के लिए अधिक गोदामों, कोल्ड स्टोरेज और निर्यात गेटवे के रूप में होलोंगी और तेजू हवाई अड्डों के प्रभावी उपयोग का सुझाव दिया।

0000000000000000000000

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू, मुख्यमंत्री पेमा खांडू और सांसद तापिर गाओ आज हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला के **सुगलागखांग** में परम पावन 14वें दलाई लामा की 90वीं जयंती पर उपस्थित हुए। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि, मोनपा इंस्टीट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स द्वारा आज परम पावन को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। उन्होंने कहा कि संगीत, नृत्य और भक्ति के माध्यम से सभी ने परम पावन की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और दुनिया को निरंतर मार्गदर्शन देने के लिए प्रार्थना की हैं।

0000000000000000000000

दिबांग वैली उपायुक्त **बेकिर न्योराक** ने आज यूडीएंडएच और पीडब्ल्यूडी टीमों के साथ आनिनी में कई प्रमुख निर्माण परियोजनाओं का निरीक्षण किया।

परियोजनाओं में 10 आरसीसी एएलसी बैरक, जीए क्वार्टर के चारों ओर एक मजबूत बाउंड्री वॉल और अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए बहुमंजिला सरकारी आवास और आनिनी में मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी शामिल हैं।

0000000000000000000000

सप्ताह भर चलने वाले वन महोत्सव के तहत आज गवर्मेंट सेकेंड्री स्कूल चिम्पू में पौधारोपण अभियान के साथ ही आईजी पार्क, ईटानगर में यागामसो नदी पर नदी सफाई अभियान भी चलाया गया। दोनों पहलों का आयोजन यूथ मिशन फॉर क्लीन रिवर, आब्रालो मेमोरियल मल्टी-पर्पज सोसाइटी और ईटानगर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के इंटर्न्स द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। देरा नातुंग गवर्मेंट कॉलेज, बिनी यांङा गवर्मेंट विमेन कॉलेज और गवर्मेंट कॉलेज दोईमुख के छात्रों ने भी इसमें भाग लिया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 17 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों में गरज़ के साथ बिजली गिरने और तेज से बहुत तेज बारीश होने की सभावना है।

0000000000000000000000

उपभोक्ता मामले विभाग और ब्यूरो ऑफ़ इंडियन स्टैंडर्ड (बीआईएस) ने देशभर के उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे केवल बीआईएस-प्रमाणित हेलमेट का ही इस्तेमाल करें। विभाग ने बीआईएस सर्टिफ़ीकट के बिना हेलमेट के निर्माण या बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा है।

0000000000000000000000

और बैडमिंटन में भारत के किदांबी श्रीकांत ओंटारियो में कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष सिंगल सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने चीनी ताइपे के विश्व नंबर 6 चोऊ टिएन चेन को हराया।

0000000000000000000000